# लखनऊ: रिटायर्ड जज के यहां चोरी, पति की आत्महत्या, फिर थाने के चक्कर लगा जिंदगी से निराश हो गई अनीता



लखनऊ 35 साल की कविता निषाद अपने पति महेश की आत?महत?या के जिम्?मेदार लोगों पर एक?शन की मांग को लेकर पुलिस थाने के चक?कर लगाते हुए थक गई थी। पति के जाने से आर्थिक तंगी की शिकार कविता अपने दोनों बच?चों माधव और शुभी का चेहरा देखकर रोती रहती थी। वह अपने बच?चों को पढ़ाने के लिए किसी नौकरी की तलाश में थी ताकि कुछ पैसा मिले और उसकी दिक?कतें दूर हों पर भगवान को कुछ और ही मंजूर था। कविता घर से बताकर निकली कि कुछ काम से जा रही है। इसके बाद वह रिवर फ्रंट के पास जाकर गोमती नदी में कूद गई। जब तक गोताखोर उसे निकालकर अस?पताल पहुंचाते, उसकी सांसे थम चुकी थीं। अपने जीवन से निराश कविता ने ऐसा क?यों किया, यह सोच-सोचकर दोनों बच्चों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।लक्ष्मण मेला मार्ग स्थित तिलक नगर में रहने वाली कविता ने अपने मकान के एक हिस?से को किराये पर दे रखा था। इससे मिलने वाले पैसे से किसी तरह वह अपना और बच?चों का पेट पाल रही थी। वह कई दिनों से नौकरी तलाश रही थी, ताकि बच्चों को अच्छे से पढ़ा सके। परिवारीजनों का कहना है कि पति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपितों पर कार्रवाई के लिए वह लगातार थाने के चक्कर लगा रही थी। वह बुधवार को भी लक्ष्मण मेला पुलिस चौकी जाने की बात कहकर निकली थी।अक?सर पुलिस चौकी जाती रहती थी कविता

कविता ने अलीगंज निवासी रिटायर्ड जज अनिल श्रीवास्तव और उनकी पत्नी वंदना के खिलाफ पति को आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। महेश की बहन शांति के बताया कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जानकारी के लिए कविता अक्सर लक्ष्मण मेला पुलिस चौकी जाती थी। कविता की मौत के बाद हजरतगंज पुलिस आरोपियों के घर भी गई थी। वहां गार्डों के अलावा कोई नहीं था। आरोपियों ने पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद करने का संदेश भी भिजवाया है।

### रिटायर्ड जज के यहां 6.5 लाख चोरी का आरोप

महेश चार सालों से एक रिटायर्ड जज के यहां काम करता था। होली के समय उनके घर में चोरी हुई थी। महेश के ऊपर साढ़े छह लाख रुपये चोरी का आरोप लगा था। इस साल मार्च में पुलिस ने महेश को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि रिटायर्ड जज महेश को फोन पर पीटने और घर जब?त करने की धमकी दे रहे थे। आहत होकर महेश ने मार्च में आत?महत?या कर ली थी। महेश की पत?नी कविता पति को आत?महत?या के लिए उकसाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की मांग कर रही थी। पर पुलिस उसकी शिकायत पर ध?यान नहीं दे रही थी।

### महेश ने कविता को भेजा था सुसाइड नोट- थाना प्रभारी

इस मामले में थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि आत्महत्या से पहले महेश ने एक वीडियो बनाकर जज के घर में साथ काम करने वाले राहुल पर 6.5 लाख रुपये चुराने का आरोप लगाया था। कहा था कि इस बारे में सहकर्मी अमित भी जानता है। महेश ने कविता के वॉट्सऐप पर सुसाइड नोट भी भेजा था। वीडियो एफएसएल जांच के लिए भेजी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद चार्जशीट दाखिल की जा सकेगी।


## प्रमुख संक्षिप्त

### बलिया में शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, आपत्तिजनक तस्वीरें की वायरल, आरोपी गिरफ्तार



बलिया उत्तर प्रदेश के बलिया में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। बलिया पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और आपत्तिजनक फोटो वायरल करने के मामले में वांछित अभियुक्त विष्णुकांत यादव उर्फ बीरन यादव को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ थाना भीमपुरा में मुकदमा संख्या 92/2025 के तहत धारा 69, 352, 351(2) बीएनएस और 67 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज था।पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के अगुवाई में थाना उभांव की पुलिस टीम के साथ यह सफलता हासिल की। विवेचना के दौरान पता चला कि अभियुक्त विष्णुकांत यादव, निवासी डफ्लपुरा, थाना भीमपुरा ने पीड़िता को शादी का लालच देकर दुष्कर्म किया और उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर दीं।बीते 12 जून 2025 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम पशुहारी में संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश के दौरान अभियुक्त को किडिहरापुर रेलवे स्टेशन से सुबह 5 बजे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद विधिक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को बलिया न्यायालय भेज दिया गया।बलिया पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। एसपी ओमवीर सिंह ने स्पष्ट किया कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। सोशल मीडिया सेल, बलिया पुलिस ने इस मामले की जानकारी साझा करते हुए जनता से सहयोग की अपील की है।

### पहले प्रेमी के साथ अवैध संबंध बनाए, फिर पति को जान से मार डाला; एक और राजा रघुवंशी जैसा केस -



अनंतपुररू तेलंगाना के गडवाल में तेजेश्वर हत्याकांड की याद दिलाते हुए, इस बार आंध्र प्रदेश में एक और जघन्य अपराध सामने आया है. एक महिला को अपने प्रेमी की मदद से अपने पति की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है.यह चौंकाने वाली घटना अनंतपुर ग्रामीण मंडल के अक्कमपल्ली-रचनापल्ली रोड पर हुई. अक्कमपल्ली में एक छोटा सा होटल चलाने वाले 43 साल के शख्स की सोमवार देर रात हत्या कर दी गई. अपराध के महज छह घंटे के भीतर पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए उसकी 37 साल की पत्नी को इस हत्याकांड का मास्टरमाइंड बताया. उसे और उसके प्रेमी बाबा फखरुद्दीन (34) को हिरासत में ले लिया गया है.

विवाहेतर संबंध जानलेवा बन गयापुलिस के मुताबिक, पीड़ित शख्स कल्याणदुर्गम रोड पर एक मामूली भोजनालय चलाता था, जबकि उसकी पत्नी पहले होटल उद्योग में काम करती थी. दो महीने पहले, उसकी मुलाकात फखरुद्दीन नाम के किसी शख्स से हुई. फिर दोनों के बीच अवैध संबंध बन गए.

जब पति को अपनी पत्नी के व्यवहार पर शक हुआ, तो उसने कथित तौर पर शराब के नशे में उससे भिड़ना और उसे परेशान करना शुरू कर दिया. महिला ने फखरुद्दीन को बताया कि उसके पति के शक और उत्पीड़न ने जीवन को असहनीय बना दिया है.

अपने रिश्ते में आने वाली बाधा को दूर करने के लिए महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की कथित तौर पर हत्या की साजिश रची. पत्नी ने अपने प्रेमी को अपने पति की दिनचर्या के बारे में पूरी जानकारी दी.

पत्नी ने हत्या की पूरी प्लानिंग कर चुकी थी. उसने अपने प्रेमी को बताया कि, जब वह होटल बंद करके मोटरसाइकिल से घर लौट रहा होगा, उस वक्त मर्डर करने का सही समय होगा.हत्या की रात, फखरुद्दीन व्यवसाय के बहाने मार्थाडू गांव गया था. बाद में, आरोपी महिला के इशारे पर काम करते हुए निर्देश पर काम करते हुए, उसने सदाशिव कॉलोनी के पास रात 11 बजे महिला के पति को रोका. उसने पहले उस पर बोतल फेंकी, जिससे सुरेश अपनी बाइक से गिर गया. फिर फखरुद्दीन ने उस पर पेचकस से हमला किया और आखिरकार घटनास्थल से भागने से पहले उसके सिर को पत्थर से कुचल दिया.कुछ ही घंटों में मामला सुलझा हत्या की खबर फैलते ही, अनंतपुर जिले के एसपी पी. जगदीश ने खुद जांच की कमान संभाली और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए. उनकी देखरेख में, अनंतपुर ग्रामीण डीएसपी वेंकटसुलु और सीआई शेखर ने विशेष टीमें बनाई और छह घंटे के भीतर आरोपियों का पता लगा लिया. एसपी ने मामले को सुलझाने में पुलिस टीमों के त्वरित और प्रभावी कार्य की प्रशंसा की.

# सल्फास खाने से मौत, परिवार में मचा कोहराम... हमीरपुर के बड़ालेवा गांव में पसरा मातम



हमीरपुरः उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले से हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां पिछले कई सालों से रामलीला में लंकेश रावण का किरदार निभाने शख्स ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। रावण के सल्फास खाकर जान देने का मामला जैसे ही सामने आया, हर कोई हैरान कर गया। इस घटना से पूरे गांव में मातम पसरा है। वहीं, घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। आत्महत्या के मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### क्या है मामला?

हमीरपुर के सिसोलर क्षेत्र के बड़ालेवा ग्राम के रहने वाले कुलदीप सिंह (23) चार भाईयों और दो बहनों में छोटा था। उसने इंटरमीडिएट तक पढ़ाई करने के बाद रामलीला के मंचन में लंकेश यानी रावण का किरदार करने लगा। इसी से उसका घर का खर्च भी चलता था। हर साल वह लंकेश का रोल करने के लिए गांव से बाहर जाना पड़ता था।लंकेश का अभिनय देखने-सुनने के लिए लोगों की भारी भीड़ भी उमड़ती थी। अब सामने आया है कि पिछले काफी दिनों से वह किन्हीं कारणों से परेशान रहने लगा था। गांव के लोग भी उसकी मायूसी के बारे में पूछा करते थे, लेकिन उसने अपना दर्द किसी से शेयर नहीं किया।

### खा ली सल्फास की गोलियां

कुलदीप ने पिछले दिनों घर में रखी सल्फास की गोलियां खा ली। हालत बिगड़ते ही परिजन उसे आनन-फानन इलाज के लिए अस्पताल ले गए। वहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि कानपुर ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।रामलीला के मंचन में लंकेश की अदाकारी करने वाले कुलदीप सिंह के आत्महत्या करने से पूरे गांव के लोगों में मायूसी छा गई है। वहीं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कुलदीप सिंह के माता-पिता की काफी पहले बीमारी के कारण मौत हो चुकी है।

### सैंकड़ों बार निभाया किरदार

क्षेत्र के राजेंद्र कुमार और महंत रतन ब्रम्हचारी ने बताया कि कुलदीप सिंह रामलीला में लंकेश का अभिनय बहुत ही अच्छा करते थे। उनकी आदाकारी के रामलीला प्रेमी भी कायल थे। उसके आत्मघाती कदम उठाने से लोग दंग है। वह अविवाहित था। सिसोलर थाना प्रभारी का कहना है कि आत्महत्या के बारे में परिजनों की ओर से अभी तक कोई सूचना नहीं दी गई है। फिर भी मामले की जांच कराई जा रही है।

# सफाई के बहाने बुलाया और किया दुराचार... सुल्तानपुर में स्कूल संचालक पर महिला ने लगाए गंभीर आरोप



सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में एक स्कूल संचालक पर रेप का आरोप लगा है। आरोपी रामकेश यादव स्कूल का संचालन करता है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि 25 जून को दोपहर में आरोपी ने उसे फोन कर स्कूल में सफाई के लिए बुलाया। इसके बाद कमरे में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया। मामले में स्थानीय पुलिस पर केस न दर्ज करने का आरोप लगा है। एसपी ने महिला की शिकायत पर जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### कमरे में ले जाकर किया रेप

पीड़िता के मुताबिक जब वह स्कूल पहुंची तो रामकेश यादव ने उसे एक कमरे में ले जाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसने पैसों का लालच दिया। मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने कहा कि उसकी ऊपर तक पहुंच है। किसी से शिकायत न करने को कहा। ऐसा करने पर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

### थाने में घंटों बैठी रही पीड़िता

पीड़िता ने बताया कि वह घटना के बाद थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की। थाने में दोपहर पांच घंटे तक बैठी रही, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। थानाध्यक्ष ने उसे बिना रिपोर्ट दर्ज किए घर भेज दिया। इसके बाद उसने एसपी के यहां पहुंच कर मामले में शिकायत की।

### मजदूरी कर बच्चों का पालन-पोषण

पीड़िता मजदूरी करके अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है। उसका पति मजदूरी के लिए शहर में रहता है। आरोपी पहले भी कई बार उसे स्कूल की सफाई के लिए बुलाया करता था। पीड़िता नेँच् से मिलकर उक्त मामले में न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता की शिकायत पर एसपी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# डांसर के साथ शादी से नाराज था परिवार... गोरखपुर में मां ने बेटियों के साथ मिलकर कर दी बेटे की हत्या






गोरखपुर उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक बेहद हैरान कर देने वाली घटना सामने आई। बुधवार को एक मां ने अपनी दो बेटियों के साथ मिलकर बेटे की पीट-पीट कर हत्या कर दी। बचाव में बेटे की पत्नी आई तो उसे भी पीट कर लहूलुहान कर दिया गया। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने मां और दोनों बेटियों व एक भाई को हिरासत में ले लिया है। हत्या का कारण बेटे का एक डांसर से विवाह करना बताया जा रहा है। इस शादी के बाद से परिवार के लोग बेटे से नाराज चल रहे थे। बुधवार को बेटा अपनी पत्नी के साथ जबरन घर में घुसने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान यह घटना घटी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। मामले में जांच चल रही है।

### क्या है मामला?

बांसगांव थाना क्षेत्र के तिघरा रुद्रमन के रहने वाले अमित ने 2 साल पहले अनीता से विवाह किया था। दरअसल, अनीता आर्केस्ट्रा में नृत्य किया करती थी।नर्तकी से शादी करने को लेकर मां मीरा देवी बेहद नाराज थी। उन्होंने बेटे को घर में घुसने से मना कर दिया था। इसके बाद से ही अमित पत्नी को लेकर दिल्ली चला गया था। बुधवार को वह एक बार फिर पत्नी के साथ गांव वापस लौटा। घर में घुसने का प्रयास करने लगा। नाराज चल रही मां और दोनों बहनों ने मना किया। लेकिन, अमित नहीं माना और पत्नी के साथ जबरन कमरे में चला गया।घर में जबरन बहू के साथ अमित को घर में घुसने को लेकर मां और अमित के बीच बुधवार की शाम 8रू00 बजे फिर से विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। आरोप है की मां ने दोनों बेटियों के साथ मिलकर अमित को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। सर पर गंभीर चोट लगने की वजह से अमित बेहोश होकर गिर गया।

### अस्पताल के रास्ते में मौत

अमित की पत्नी अनीता पति को बचाने पहुंची तो उसे भी पीट-पीटकर घायल कर दिया गया। गांव वालों की सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने अमित और उसकी पत्नी को बांसगांव सीएचसी पहुंचाया। लेकिन, रास्ते में ही अमित की मौत हो गई। वहीं, उसकी पत्नी का प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।घटना के बारे में एसपी साउथ जितेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी अनीता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी मां, दोनों बेटियों और एक भाई को पुलिस हिरासत में लिया गया है। आरोपियों से पूछताछ चल रही है।

# कानपुर के अवैध संबंध के शक में 60 वर्षीय पत्नी की पाटे से पीटकर हत्या, पोते को भी मारने की कोशिश

कानपुर यूपी के कानपुर से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। कानपुर में अवैध संबंध के शक में एक बुजुर्ग ने अपनी 60 वर्षीय पत्नी की पाटे (बैठने वाला लकड़ी का पाटा) से पीट-पीट कर हत्या कर दी। इस दौरान आरोपी बुजुर्ग ने अपने आठ साल के पोते को भी मारने की कोशिश की। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया। आठ साल के पोते ने घटना की जानकारी पड़ोसियों को दी। तब जाकर घटना का खुलासा हुआ। सजेती थाना क्षेत्र स्थित कोरियां गांव निवासी हीरालाल पंजाब में रहकर प्राइवेट काम करता था। हीरालाल 15 दिन पहले ही पंजाब से गांव लौटा था। हीरालाल गांव में पोते के साथ गांव में रह रही पत्नी शिवकांति (60) पर अवैध संबंध होने का शक था। मंगलवार रात इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। हीरालाल और शिवकांति के बीच अवैध संबंध के शक को लेकर आएदिन झगड़ा होता रहता था।

### पोते के सामने की हत्या

हीरालाल ने लकड़ी के पाटे से पत्नी के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार किए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्यारोपी बाबा ने पोते के सामने ही वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद पोते को अलग कमरे में ले जाकर गलाघोंट कर जान से मारने की कोशिश। पत्नी हत्या करके हीरालाल मौके से भाग गया। पोते ने घटना की जानकारी पड़ोसियों को दी। तब जाकर वारदात का खुलासा हुआ।

### बाबा ने दादी को मारा

बुजुर्ग महिला की हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। मृतका के बेटे विजय की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पोते ने पुलिस और ग्रामीणों को बताया कि बाबा और दादी में बीती रात किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। बाबा ने दादी को पाटे से सिर पर हमला कर लहुलुहान कर दिया।

### आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

पोते ने बताया कि दादी की हालत देखकर मैं चिल्लाने लगा तो मेरा गला दबाकर कमरे के अंदर ले गए। इसके बाद कुछ भी याद नहीं है। परिजनों का मानना है कि बच्चा बेहोश हो गया। कार्यवाहक सजेती थाना प्रभारी जोगेंद्र ने बताया कि घटना स्थल से लकड़ी का पाटा बरामद हुआ है। शुरुआती जांच में पत्नी पर शक करने के विवाद में हत्या की बात सामने आ रही है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

# 'उप संचालक चकबंदी ने किया ग्राम सितौरा में तरमीम कार्य का स्थलीय निरीक्षण'

## '30 जून तक तरमीम कार्य पूर्ण कर पड़ताल की कार्यवाही शुरु करें – उप संचालक चकबंदी'

झांसी ■ संवददाता

अरुण कुमार गोड़, अपर जिलाधिकारी/उप संचालक चकबंदी, झांसी द्वारा तहसील एवं परगना मऊरानीपुर स्थित ग्राम सितौरा में किये जा रहे तरमीम कार्य का स्थलीय औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में मौके पर चकबंदीकर्ता श्री अनिल कुमार एवं चकबंदी लेखपाल श्री आयुष यादव उपस्थित पाये गये। मौके पर अपर जिलाधिकारी/उप संचालक चकबंदी द्वारा ग्रामवासियों से तरमीम कार्य के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, जिसके अन्तर्गत कृषकों द्वारा तरमीम के कार्य को संतोषजनक बताया गया।इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी ने बताया कि ग्राम सितौरा के कुल 590 गाटो के सापेक्ष 230 गाटो का तरमीम कार्य पूर्ण किया गया है। मौके पर अपर जिलाधिकारी/उप संचालक चकबंदी द्वारा उपस्थित चकबंदी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि दिनांक 30 जून 2025 तक ग्राम सितौरा में तरमीम कार्य पूर्ण कर पड़ताल की कार्यवाही प्रारम्भ करें। उन्होने बदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देशित किया कि तरमीम पड़ताल स्तर के समस्त ग्रामों में कार्यगुजारी के अनुसार पूर्ण करायें, इसके साथ ही 10 वर्ष से अधिक पुराने ग्राम कचनेव, हीरापुर तथा बुढ़पुरा के कार्य को निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार पूर्ण करायें। निरीक्षण के दौरान बदोबस्त अधिकारी चकबंदी श्री प्रेम प्रकाश भारती, सहायक चकबंदी अधिकारी श्री लाल बहादुर, कृषक श्री करण सिंह यादव, आशाराम, महेश चन्द्र, दशरथ यादव, राघवेन्द्र अहिरवार सहित अन्य कृषकगण उपस्थित रहे।



## न्यूज बीफ्र

### सास ने लगाया बहू पर प्रॉपर्टी पर कब्जा करने का आरोप

#### सास ने कहा बेटे की हत्या बहू ने की है अब प्रॉपर्टी पर कब्जा करना चाहती है

झांसीस बेटे की मौत के बाद सास और बहू के बीच प्रॉपर्टी को लेकर काफी लंबे समय से जंग चल रही हैस सास का आरोप है कि प्रॉपर्टी उनके नाम है उस पर वह जब भी निर्माण कराती है तो उनकी बहू उसे तुड़वा देती है और दबंगों की मदद से उस पर कब्जा करना चाहती हैस बेटे की मौत के बाद अक्सर बहु बूढ़ी सास का ख्याल रखती है और उसे अपनी मां की तरह ही समझती है पर दौलत के फेर में कुछ रिश्ते दफ्न हो जाते हैं क्योंकि कहावत है ना आप बड़ा ना भैया सबसे बड़ा रुपैया ऐसा एक मामला वर्ष 2022 से सिविल लाइन में एक परिवार में चल रहा है जहां सास और बहू की जंग जग जाहिर है । इलाइट स्टेशन रोड पर बने होटल श्रीनाथ के पीछे रहने वाली संध्या साहू ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि उनकी बहू उन्हें बहुत परेशान कर रही है उन्होंने कहा कि जब भी वह अपनी प्रॉपर्टी पर निर्माण कार्य कराती हैं तो बहू उसे आकर तुड़वा देती है और दबंगों के बल पर उनकी प्रॉपर्टी पर कब्जा करना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि वह दिन में निर्माण कार्य करती हैं और रात में बहू आकर उसे तुड़वा देती है जबकि प्रॉपर्टी से संबंधित कागजात उनके नाम पर हैं । संध्या का आरोप है की बहू ने उनके होटल पर भी कब्जा कर लिया है। बेटे की मौत के बाद बहू बदल गई है संध्या ने अपनी बहू पर बेटी की हत्या का भी आरोप लगाया उन्होंने बताया कि इसका मुकदमा भी उन्होंने बहू पर दर्ज करा रखा है।

### ओरछा में होगा अखिल भारतीय ग्वाल महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह।

#### अखिल भारतीय ग्वाल महासभा 29 जून को मेधावियों को करेगी सम्मानित

झांसी ।अखिल भारतीय ग्वाल महासभा द्वारा महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह होटल आदित्य पैलेस, ओरछा धाम (म.प्र.) में 29 जून को आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय अधिवेशन में मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश सहित सभी प्रान्तो के राष्ट्रीय पदाधिकारी सामाजिक जागरुकता तथा वैचारिक मंथन करेंगे। इस बार सभी प्रान्तो के हाई स्कूल तथाउ इंटरमीडिएट के 65 फीसदी अंक प्राप्त मेधावी छात्र–छात्राओ को सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के तौर पर सीताराम यादव (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग म. प्र., अखिल भारतीय ग्वाल महासभा के राष्ट्रीय संयोजक आर के हांस एवं महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा रमेश राठौड़ सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहेंगे।

# बाक्सिंग एवं बालिका आत्मरक्षा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह

झांसी ■ संवददाता

आज दिनांक 27.06.2025 को सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट कार्यकारिणी समिति द्वारा बाक्सिंग एवं बालिका आत्मरक्षा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट के बैडमिन्टन हॉल में किया गया। इस उदधाटन समारोह के मुख्य अतिथि सहायक मण्डल कार्मिक अधिकारी श्री अशोक मीना एवं विशिष्ट अतिथि डाँ रोहित पाण्डेय निदेशक माउण्ट लिट्रा जी स्कूल एवं कोषाध्यक्ष उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग संघ अन्तराष्ट्रीय हॉकी खिलाडी श्री सुबोध खाण्डेकर पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश हॉकी संघ रहे। इसके उपरान्त रेल संस्थान सचिव द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियो को बुके देकर सम्मानित किया गया। इस आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में सभी वर्ग के लगभग 50 बालक/बालिकाए प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट कार्यकारिणी बहुत ही उत्कृष्ट कार्य करती आ रही है। रेल संस्थान समय समय पर खेलों के आयोजन सांस्कृतिक एवं प्रशिक्षण शिविर कार्यकृम आयोजित कर रेल कर्मचारियों के बच्चों को प्रोत्साहित करती रहती है। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियो ने सभी बच्चो को प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रेल संस्थान कोषाध्यक्ष संजीव परिहार, जितेन्द्र रायकवार बाक्सिग सचिव, मो0 वहीद, नंदकिशोर, नीरज त्रिपाठी ,शत्रुधन सिंह परिहार सीनियर कोच, देवेन्द्र सिंह, आदि खिलाडी उपस्थिति रहे। सभी बच्चो को प्रशिक्षण देवेन्द्र सिंह एन0आई0एस0 कोच एवं गौरव कुमार द्वारा दिया गया। आये हुये सभी अतिथियो एवं खिलाडियों का आभार रेल संस्थान सचिव मुकेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया।




# नवचंडी महायज्ञ में आहुति देकर डॉ0 संदीप ने दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश



झांसी ■ संवददाता

झाँसी। माँ आदिशक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में ग्वालियर रोड स्थित सिमरधा में शिवानी होटल के पास गुप्त नवरात्रि के प्रथम दिवस पर नवचंडी महायज्ञ प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस पर उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ संदीप सरावगी सम्मिलित रहे। जहां मुख्य अतिथि के आगमन पर तिलक व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया साथ ही पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया। मां आदिशक्ति सेवा समिति पिछले 3 वर्षो से लगातार इस महायज्ञ का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम आयोजक इशा कुशवाहा के नेतृत्व में कार्यक्रम स्थल पर 30 जून को विशाल भंडारे एवं भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। संबोधन के क्रम में डॉक्टर संदीप ने कहा सनातन धर्म में नारी को शक्ति के रूप में देखा जाता है। हमारे धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व है यह पर्व सभी सनातनी श्रद्धा के साथ मानते हैं। हमारा धर्म हमें महिलाओं की रक्षा एवं सम्मान करना सिखाता है। हमारा संगठन संघर्ष सेवा समिति महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रहा है साथ ही हमारा अनुसांगिक संगठन संघर्ष महिला संगठन मुख्यतः इसी विषय पर लगातार कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। हमारा उद्देश्य है महिलाओं को रोजगारपरक बनाना जिससे वे समाज में स्वयं को सम्मानित दृष्टि से स्थापित कर सकें। आयोजक मंडल द्वारा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है इस हेतु मैं आयोजक मंडल के सभी सदस्यों की सराहना एवं उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। इस अवसर पर तुषार खटीक, कुनाल खटीक, शिवम कोस्टा, सोहिल कुशवाहा, देवेंद्र कुमार, सूरज कुशवाहा के साथ संघर्ष सेवा समिति से नीलू रायकवार, संदीप नामदेव, मास्टर मुन्नालाल, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, राहुल रायकवार, सूरज प्रसाद वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# फिजिकल एजुकेशन सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

### बृजेंद्र यादव वरिष्ठ समाजसेवी को मिला उपाध्यक्ष का दायित्व

### नवीन कार्यकारिणी पदाधिकारियों का हुआ सम्मान



झांसी ■ संवददाता

झाँसी बरूआसागर एजुकेशन सोशल वेलफेयर फाउंडेशन (ट्रस्ट) संबद्धता उत्तर प्रदेश ऑलंपिक एसोसिएशन विगत 6 वर्षो से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सपने फिट इंडिया मूवमेंट,खेलो इंडिया,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के सपने को साकार करने में जमीनी स्तर पर भूमिका निभा रहा है,क्षेत्र में ग्रामीण स्तर पर फाउंडेशन निरूशुल्क 200 से अधिक युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण,डाइट,स्पोट्र्स किट प्रदान करता आ रहा है। इस वजह से ग्रामीण स्तर से नगर से 6 खिलाड़ी नेशनल खो खो,एवं चार खिलाड़ियों का चयन गवर्नमेंट कॉलेज सैफई में हुआ हो चुका है,साथ ही साथ खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय,राज्यस्तरीय,एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन भी फाउंडेशन विगत वर्षो में कर चुका है,6 साल बहुत सफलतापूर्वक संपन्न हुए,इसी क्रम में नवीन कार्यकारिणी का गठन फाउंडेशन ऑफिस कम्पनी बाग बरूआसागर में किया गया जिसमे पुनःनृपेन्द्र सिंह परिहार को अध्यक्ष,उपाध्यक्ष बृजेंद्र यादव,दिनेश मिश्रा,मीनू राजावत,कोषाध्यक्ष मृगेंद्र सिंह,चेयरमेन हैप्पी चावला,संरक्षक अशोक अग्रवाल,उदय पांडे,रविकांत मिश्रा एडवाइजरी चेयरमेन डॉ रोहित पांडे एडवाइजरी उपाध्यक्ष दीपक कुशवाहा, सचिव महेश सिंह सह सचिव श्वेता राय,शिवानी राय,देवेन्द्र कुशवाहा एवम सक्रिय सदस्य जयदेवी,देवेन्द्र राजपूत आदि को नवीन कार्यकारिणी में दायित्व प्रदान किए गए, यह कार्यकारिणी गतिशीलता से लक्ष्यों एवं उद्देश्यों को प्राप्त कर सकेगा एवं सामाजिक कार्यो में गतिशीलता प्रदान करने का कार्य करेगा,इस मौके पर अभिषेक,दीक्षा,पिंकी,देवेन्द्र सतीश आर्यन,आकाश विकास उपस्थित रहे

# पुष्य नक्षत्र में निकली भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा

## रथयात्रा में जय जगन्नाथ के गूंजे जयकारे, भक्तों ने किया पुष्प वर्षा कर स्वागत

झांसी ■ संवददाता



झांसी। महानगर में गोला कुआं स्थित जगन्नाथ जी के मंदिर से शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा निकाली गयी। पुष्य नक्षत्र में भक्तों ने भगवान जगन्नाथ जी के दिव्य दर्शन किये। जय जगन्नाथ के जयकारे लगाये। नगर भ्रमण दौरान बाजारों में श्रद्धालुओं और व्यापारियों ने रथयात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।मंदिर में सुबह भगवान को छप्पन भोग अर्पण किया गया। फूल बंगला सजाया गया। शाम को महाआरती की गयी। रथ पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र जी व सुभद्रा जी को भक्ति भाव से विराजमान किया गया। बैंड बाजो द्वारा गाये जा रहे मधुर भजनों, इस्कान भक्तों द्वारा किये जा रहे हरिनाम संकीर्तन के साथ रथयात्रा शुरू हुई। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान के रथ को रस्सियों से पकड कर खींचा। रथयात्रा का गंधीगर का टपरा, सराफ बाजार, मानिक चौक, रानी महल, सुभाष गंज, बड़ा बाजार आदि प्रमुख बाजारों में भ्रमण दौरान श्रद्धालुओं व व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। गंधीगर का टपरा पर पीयूष प्रियता रावत, पुनीत रावत आदि श्रद्धालुओं ने रथयात्रा का स्वागत कर प्रसाद वितरण किया। वहीं, नगर भ्रमण कर रथयात्रा वापस मंदिर पहुंची। यहां भजन कीर्तन व प्रसाद वितरण सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम हुए।।नगर विधायक रवि शर्मा सुनीता शर्मा ने महा आरती कर भगवान जगन्नाथ जी से झांसी वासी के लिए मांगा आशीर्वाद! इस दौरान समाजसेवी पंडित पीयूष रावत ,संजय नौराई,मनमोहन गेडा ,रवीश त्रिपाठी,महेंद्र भंडारी ,पुरुषोत्तम स्वामी, आशीष उपाध्याय,मुकेश सिंगल, प्रभात शर्मा,विनोद अवस्थी ,मुकेशअग्रवाल ,जयदीप खरे,आलोक वर्मा, बंटी सेठ,वीरू यादव,दीपक रिछारिया,राघव वर्मा,संजीव तिवारी , प्रदीप गुप्ता,गोकुल दुबे, आलोक चतुर्वेदी ,सत्येंद्र पुरी गोस्वामी, मुकेश सोनी, पवन गुप्ता ,अतुल मिश्रा ,ध्रुव नौराई ,अमन नौराई ,आदित्य गुप्ता ,कृष्णा मल्होत्रा,जितेन बजाज ,गौरव सेठ,अनिमेश दुबे,विनोद हियारण,आदि मौजूद रहे। शिवा नौराई ने आभार व्यक्त किया।

# ओरछा में होगा अखिल भारतीय ग्वाल महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह।

### अखिल भारतीय ग्वाल महासभा 29 जून को मेधावियों को करेगी सम्मानित

झांसी ■ संवददाता



अखिल भारतीय ग्वाल महासभा द्वारा महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह होटल आदित्य पैलेस, ओरछा धाम (म.प्र.) में 29 जून को आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय अधिवेशन में मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश सहित सभी प्रान्तो के राष्ट्रीय पदाधिकारी सामाजिक जागरुकता तथा वैचारिक मंथन करेंगे। इस बार सभी प्रान्तो के हाई स्कूल तथाउ इंटरमीडिएट के 65 फीसदी अंक प्राप्त मेधावी छात्र-छात्राओ को सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के तौर पर सीताराम यादव (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग म. प्र., अखिल भारतीय ग्वाल महासभा के राष्ट्रीय संयोजक आर के हांस एवं महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा रमेश राठौड़ सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष सुंदर ग्वाला एवं अध्यक्ष मोहनलाल ने संयुक्त रूप से बताया कि जो समाज के लोग अच्छा कार्य कर रहे हैं उन्हें भी कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा तथा महिलाओं को भी आगे बढ़ने का कार्य किया जाएगास बताया गया की महासभा ने अब तक 350 बेटियों का विवाह सम्मेलन के माध्यम से किया है और आगे भी करती रहेगीस महासभा समय-समय पर सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करती हैस प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय संरक्षक धर्मपाल, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सुंदर ग्वाला,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र, प्रदेश अध्यक्ष सूरज ग्वाला, प्रदेश उपाध्यक्ष मोनी ग्वाला पहलवान,सदस्य राजकुमार यादव मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रांक, प्रकाशक, महेंद्र तिवारी, द्वारा तिवारी आट्र्स गुंडी गुंडा का नाका 14 बटालियन न्यू कुशवाहा कॉलोनी ग्वालियर से मुद्रित कराकर ताज 1100 कंपाउंड नंदनपुर झांसी से प्रकाशित संपादक उत्तम दुबे, व्यवस्था एक संपादक ध्रुव दुबे, (पी आई सी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदारी सभी विवादों का न्याय क्षेत्र झांसी उत्तर प्रदेश रहेगा मो, 9074692488, 9451232588,810348949